# कानपुर नगर निगम

दिनांक 09.02.2021 दिन शुक्रवार को स्थगित मा0 सदन की बैठक, जो दिनांक– 28.02.2021 दिन रविवार को पूर्वान्ह 11:00 बजे नगर निगम मुख्यालय मोतीझील परिसर स्थित सभागार में सम्पन्न हुई, का कार्यवृत्त

कार्यालय सचिव नगर निगम,
नगर निगम, कानपुर

पत्र संख्याः डी / 183 / सचिव (न.नि.) / 2020–21 दिनांक : 02.03.2021

सेवा में,

श्री / श्रीमती / सुश्री..................................................,

मा0 पार्षद वार्ड सं0....... .. / मा0 नाम निर्दिष्ट सदस्य / मा0 पदेन सदस्य,
नगर निगम, कानपुर।

महोदय / महोदया,

नगर निगम मुख्यालय मोतीझील परिसर स्थित सभागार में दिनांक 09.02.2021 को शुकवार को स्थगित मा0 सदन की बैठक, जो दिनांक 28.02.2021 दिन रविवार को पूर्वान्ह 11:00 बजे सम्पन्न हुई सदन की बैठक, का कार्यवृत्त।

संलग्नकः कार्यवृत्त पृष्ठ संख्या 1 से 05 तक।

सचिव,
नगर निगम

प्रतिलिपिः –

1. नगर आयुक्त महोदय की सेवा में संज्ञानार्थ।
2. अपर नगर आयुक्त (प्रथम / द्वितीय / तृतीय) महोदय को सूचनार्थ।
3. समस्त विभागाध्यक्ष / विभागाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

2/03/21

सचिव,
नगर निगम

**दिनांक– 28.02.2021 दिन रविवार को पूर्वान्ह 11:00 बजे नगर निगम मुख्यालय मोतीझील परिसर स्थित सभागार में सम्पन्न हुई सदन की बैठक का कार्यवृत्त**

<u>उपस्थिति</u>

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. श्रीमती प्रमिला पाण्डेय | महापौर / अध्यक्ष | 41. श्री विजय कुमार | पार्षद / सदस्य |
| 2. श्री रमेश चन्द्र | पार्षद / सदस्य | 42. श्री दिनेश तिवारी | पार्षद / सदस्य |
| 3. श्री शरद कुमार सोनकर | पार्षद / सदस्य | 43. श्रीमती प्रभा सिंह चौहान | पार्षद / सदस्य |
| 4. कु0 लक्ष्मी | पार्षद / सदस्य | 44. श्री सुशील अवस्थी गुड्डू | पार्षद / सदस्य |
| 5. श्रीमती रीता पासवान | पार्षद / सदस्य | 45. श्रीमती नीतू मिश्रा | पार्षद / सदस्य |
| 6. कु0 मोहिनी कनौजिया | पार्षद / सदस्य | 46. श्री सुमित कुमार पाल | पार्षद / सदस्य |
| 7. श्री गिरीश चन्द्र | पार्षद / सदस्य | 47. श्री अनिल वर्मा | पार्षद / सदस्य |
| 8. श्रीमती आरती गौतम | पार्षद / सदस्य | 48. श्री नूर आलम | पार्षद / सदस्य |
| 9. श्री अवनीश खन्ना | पार्षद / सदस्य | 49. श्रीमती सोनी सिंह | पार्षद / सदस्य |
| 10. श्रीमती संगीता वली | पार्षद / सदस्य | 50. श्री कैलाश चन्द्र पाण्डेय | पार्षद / सदस्य |
| 11. श्री अजीत | पार्षद / सदस्य | 51. श्री मो0 आमिर खान | पार्षद / सदस्य |
| 12. श्री मदन बाबू | पार्षद / सदस्य | 52. श्री जितेन्द्र | पार्षद / सदस्य |
| 13. श्री सुनील कुमार कनौजिया | पार्षद / सदस्य | 53. श्री कमल शुक्ल "बेबी" | पार्षद / सदस्य |
| 14. श्री सौरभ देव | पार्षद / सदस्य | 54. श्री सौरभ तिवारी | पार्षद / सदस्य |
| 15. श्री राकेश कुमार | पार्षद / सदस्य | 55. श्री दुर्गा प्रसाद | पार्षद / सदस्य |
| 16. श्रीमती रचना त्रिपाठी | पार्षद / सदस्य | 56. श्री नीरज बाजपेई | पार्षद / सदस्य |
| 17. श्री प्रदीप मिश्रा | पार्षद / सदस्य | 57. श्रीमती सीमा सचान | पार्षद / सदस्य |
| 18. श्रीमती राधा देवी | पार्षद / सदस्य | 58. श्रीमती यशोदा देवी | पार्षद / सदस्य |
| 19. श्रीमती मधु मिश्रा | पार्षद / सदस्य | 59. श्रीमती दीपा | पार्षद / सदस्य |
| 20. श्रीमती शीला पाण्डेय | पार्षद / सदस्य | 60. श्रीमती शुकुन्तला देवी | पार्षद / सदस्य |
| 21. श्री संजय यादव | पार्षद / सदस्य | 61. श्री अरविन्द यादव | पार्षद / सदस्य |
| 22. श्री गोपाल गुप्ता | पार्षद / सदस्य | 62. श्री लियाकत अली | पार्षद / सदस्य |
| 23. श्रीमती कविता सिंह | पार्षद / सदस्य | 63. श्री जय प्रकाश पाल | पार्षद / सदस्य |
| 24. श्रीमती विजय लक्ष्मी | पार्षद / सदस्य | 64. श्री राजीव सेतिया | पार्षद / सदस्य |
| 25. श्रीमती निर्मला मिश्रा | पार्षद / सदस्य | 65. श्री मनोज कुमार पाण्डेय | पार्षद / सदस्य |
| 26. श्रीमती मोहिनी शुक्ला | पार्षद / सदस्य | 66. श्री अमित कुमार मेहरोत्रा | पार्षद / सदस्य |
| 27. श्री शरद प्रकाश मिश्रा | पार्षद / सदस्य | 67. श्रीमती सुधा | पार्षद / सदस्य |
| 28. श्रीमती ऊषा मिश्रा | पार्षद / सदस्य | 68. श्री यशपाल सिंह | पार्षद / सदस्य |
| 29. श्रीमती रीता कुशवाहा | पार्षद / सदस्य | 69. श्री विकास जायसवाल | पार्षद / सदस्य |
| 30. श्री रमेश बाजपेई | पार्षद / सदस्य | 70. श्री हरि शंकर गुप्ता | पार्षद / सदस्य |
| 31. श्री घनश्याम गुप्ता | पार्षद / सदस्य | 71. श्रीमती शशी साहू | पार्षद / सदस्य |
| 32. कु0 विधि राजपाल | पार्षद / सदस्य | 72. श्री सन्तोष साहू | पार्षद / सदस्य |
| 33. श्रीमती अंजू मिश्रा | पार्षद / सदस्य | 73. श्री राशिद आरफी | पार्षद / सदस्य |
| 34. श्री अशोक पाल | पार्षद / सदस्य | 74. श्रीमती अल्पना जायसवाल | पार्षद / सदस्य |
| 35. श्रीमती नमिता मिश्रा | पार्षद / सदस्य | 75. श्री अमनदीप सिंह गम्भीर | पार्षद / सदस्य |
| 36. श्री मुकेश | पार्षद / सदस्य | 76. श्रीमती मेनिका सिंह सेंगर | पार्षद / सदस्य |
| 37. श्री मनोज कुमार राठौर | पार्षद / सदस्य | 77. श्री अनूप कुमार शुक्ला | पार्षद / सदस्य |
| 38. श्री महेन्द्र पाण्डेय "पप्पू" | पार्षद / सदस्य | 78. श्रीमती सायमा परवीन | पार्षद / सदस्य |
| 39. श्री राज कुमार राजपूत | पार्षद / सदस्य | 79. श्री गुरू नारायण गुप्ता | पार्षद / सदस्य |
| 40. कु0 कीर्ति अग्निहोत्री | पार्षद / सदस्य | 80. श्री राघवेन्द्र मिश्रा | पार्षद / सदस्य |
| | | 81. श्री प्रमोद जायसवाल | पार्षद / सदस्य |

82. श्री नीवन पण्डित पार्षद / सदस्य
83. श्री आमोद त्रिपाठी पार्षद / सदस्य
84. श्री प्रशान्त शुक्ला पार्षद / सदस्य
85. श्रीमती जरीना खातून पार्षद / सदस्य
86. श्री मो0 अमीम पार्षद / सदस्य
87. श्री दीपक शर्मा पार्षद / सदस्य
88. श्री कौसर अली पार्षद / सदस्य
89. श्री योगेन्द्र सिंह पार्षद / सदस्य
90. श्री अभिषेक गुप्ता पार्षद / सदस्य
91. श्रीमती शाहीन खातून पार्षद / सदस्य
92. श्री मन्नू रहमान पार्षद / सदस्य
93. श्री अनुज गुप्ता पार्षद / सदस्य
94. श्री मोहम्मद आरिफ पार्षद / सदस्य
95. श्री शिवम दीक्षित पार्षद / सदस्य
96. श्री राशिद महमूद पार्षद / सदस्य
97. श्री हाजी सुहेल अहमद पार्षद / सदस्य
98. श्रीमती शबनम बानों पार्षद / सदस्य
99. श्री सत्येन्द्र मिश्रा नामित सदस्य
100. श्री विजय ओमर नामित सदस्य
101. सरदार मंजीत सिंह नामित सदस्य
102. श्री शिव शंकर सैनी नामित सदस्य
103. श्री सुनील वाल्मीकि नामित सदस्य
104. श्री अतुल शुक्ला नामित सदस्य
105. श्री संदीपन अवस्थी नामित सदस्य
106. श्री प्रवीण सचान नामित सदस्य

**अधिकारीगण**

1. श्री अक्षय त्रिपाठी नगर आयुक्त
2. श्री भानू प्रताप सिंह अपर नगर आयुक्त "प्रशा0"
3. श्री संतोष कुमार सिंह मुख्य अभियन्ता "सिविल"
4. श्री अरविन्द राय अपर नगर आयुक्त
5. श्रीमती रोली गुप्ता अपर नगर आयुक्त
6. डॉ0 अजय कुमार शंखवार न0 स्वा0 अधिकारी

वंदेमातरम् गायन के पश्चात् बैठक प्रारम्भ हुई।

अध्यक्ष ने सदन में उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत करते हुये नगर आयुक्त को एजेण्डा के अनुसार बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ कराने हेतु निर्देशित किया।

तद्नुक्रम में नगर आयुक्त ने अपर नगर आयुक्त 'प्रशासन' को सभी सदस्यों को एजेण्डा से अवगत कराने हेतु निर्देशित किया।

अपर नगर आयुक्त 'प्रशासन' श्री भानू प्रताप सिंह ने सदस्यों को अवगत कराया कि नगर निगम अधिनियम–1959 की धारा–52 के अन्तर्गत कार्यकारिणी समिति के छः सदस्यों का निर्वाचन अनुपाति पद्धति के अनुसार एकल संक्रमणीय मत द्वारा होगा तथा ऐसे निर्वाचन में मतदान गूढ़ शलाका द्वारा होगा, तद्नुसार आप सभी सदस्य अवगत होते हुये निर्वाचन प्रक्रिया में प्रतिभाग कर सकेंगे।

अध्यक्ष ने कहा कि यदि सभी सदस्यों की आपसी सहमति से छः सदस्यों का मनोनयन हो जायेगा, तो निर्वाचन प्रक्रिया से बचा जा सकता है। अतः हार्दिक इच्छा है कि विगत वर्षो की भाँति सदस्यों को आपसी सदस्यता दिखानी चाहिये, जिससे समाज में अच्छा संदेश जायेगा।

श्री कमल शुक्ल "बेबी" ने कहा कि मा0 अध्यक्ष महोदया आपके अब तक के कार्यकाल में विकास कार्य भी हुये है, जिसमें नगर आयुक्त की भी विशेष भूमिका रही है, जिससे विकास चारों तरफ परिलक्षित भी हो रहा है। हर्ष का विषय है कि पूर्व के नगर आयुक्तों की परम्परा को तोड़ते हुये नगर आयुक्त महोदय ने अपर नगर आयुक्त 'प्रशासन' को रू0 01.00 लाख तक के कार्यो की स्वीकृति का वित्तीय अधिकार प्रदत्त किया है तथा

कार्यो को अनावश्यक विलम्बित नही किया जाता है। पूर्व के वर्षो में भी आपसी सहमति से नामों का मनोनयन होता रहा है, उसी प्रकार से विचार–विमर्श कर लिया जाये, इससे महानगर में अच्छा सन्देश जायेगा साथ ही आपसी सौहार्द का वातावरण तैयार होकर भविष्य के विकास कार्यो में अनुकूलता आयेगी। इससे सदन की मान मर्यादा यथावत रहेगी। कॉंग्रेस पार्षद दल की ओर से श्री राजीव सेतिया का नाम कार्यकारिणी सदस्य के प्रत्याशी के रूप में नामित किया गया है।

श्री हाजी सुहेल अहमद ने सभी सदस्यों से अनुरोध करते हुये कहा कि पूर्व की परम्परा के अनुसार आपसी सद्भाव दिखाया जाये, जिससे चुनाव न कराना पड़े, समाजवादी पार्टी पार्षद दल की ओर से श्री अमित कुमार मेहरोत्रा का नाम कार्यकारिणी सदस्य के प्रत्याशी के रूप में नामित किया गया है साथ ही सभी सदस्यों से मेरा अनुरोध है कि आपसी सहमति से नाम निर्धारित कर कार्यकारिणी के छः सदस्यों का चयन कर लिया जाये, तो उचित होगा।

श्री नवीन पण्डित ने भी सर्वसम्मति से कार्यकारिणी के छः सदस्यों का निर्धारण करने की सहमति प्रदान की, जिससे तद्नुसार कार्यकारिणी के माध्यम से शहर का समग्र विकास हो सकेगा। सभी निर्दलीय सदस्यों का भी मत है कि आपसी सहमति से कार्यकारिणी के छः सदस्यों का मनोनयन कर लिया जाये।

श्री मनोज पाण्डेय ने कहा कि कॉंग्रेस, स0पा0 तथा भा0ज0पा0 ने अपना–अपना प्रत्याशी निर्धारित कर लिया है, पिछले दो बार से मैं स्वयं कार्यकारिणी के सदस्यों के निर्वाचन में प्रत्याशी के रूप में नामांकन करा चुका हूँ, परन्तु सभी दलों द्वारा दबाव बनाकर मुझे नाम वापस लेने को मुझे मजबूर किया गया है। मुझे भी इससे अहसास हुआ कि मेरी छवि खराब की जाती रही है। अतः अध्यक्ष महोदया आप जहाँ जिसकों कहेंगी मैं अपना मत दे दूँगा।

श्री गिरीश चन्द्रा ने कहा कि बडे हर्ष का विषय है कि सर्वसम्मति से कार्यकारिणी के छः सदस्यों का नाम निर्धारण किया जा रहा है, इसी कड़ी में मैं भारतीय जनता पार्टी पार्षद दल की तरफ से चार नामों से अध्यक्ष महोदया को अवगत कराना चाहता हूँ। श्री घनश्याम गुप्ता वार्ड–33, श्री अशोक पाल वार्ड–36, श्री यशपाल सिंह वार्ड–78, श्री कैलाश चन्द्र पाण्डेय वार्ड–58।

अध्यक्ष ने सभी सदस्यों को दलीय भावना से ऊपर उठकर आपसी सहमति से कार्यकारिणी सदस्यों के मनोनयन किये जाने पर हार्दिक बधाई देते हुये कहा कि इससे स्वयमेव इंगित होता है कि हमारे सभी सदस्यगण कानपुर महानगर के समग्र विकास के प्रति चिन्तित है, साथ ही आशा भी करती हूँ कि भविष्य की कार्यकारिणी एवं सदन की बैठकों में सभी आपसी सहमति से विचार–विमर्श करते हुये निति निर्धारण करेंगे तद्नुसार ही योजनायें धरातल पर मूर्तरूप ले सकेंगी। इसी के साथ नगर आयुक्त को निर्देशित

करती हूँ कि कार्यकारिणी समिति के सदस्यों के निर्वाचन की प्रक्रिया एवं समयसारिणी से सभी सदस्यों को अवगत कराते हुये अग्रेत्तर कार्यवाही प्रारम्भ की जाये।

नगर आयुक्त के निर्देशों के क्रम में श्री राधेश्याम पटेल, सचिव नगर निगम ने कार्यकारिणी समिति के सदस्यों के निर्वाचन की प्रक्रिया एवं समयसारिणी से सभी सदस्यों को निम्नवत् अवगत कराया।

## कानपुर नगर निगम में कार्यकारिणी समिति के 06 सदस्यो के निर्वाचन हेतु कार्यक्रम वर्ष–2021

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | नाम निर्देशन प्रपत्रो का वितरण | 11.35 बजे से | 12.35 बजे तक |
| 2. | नाम निर्देशन प्रपत्रो को भर कर निर्वाचन अधिकारी को प्राप्त कराने की समयावधि | 12.35 बजे से | 13.25 बजे तक |
| 3. | नाम निर्देशन प्रपत्रो की जांच एवं वैध तथा अवैध पाये गये नाम निर्देशन प्रपत्रो एवं प्रत्याशियों की घोषणा | 13.25 बजे से | 13.50 बजे तक |
| 4. | नाम वापसी की समयावधि निर्धारण एवं वापसी के उपरान्त अंतिम रूप से निर्वाचन हेतु प्रत्याशियों की संख्या की घोषणा | 13.50 बजे से | 14.20 बजे तक |
| 5. | निर्वाचन प्रकिया प्रारम्भ करने की घोषणा(निर्वाचन अधिकारी द्वारा) | 14.20 बजे से | --- |
| 6. | मतपत्रो का मुद्रण | 14.20 बजे से | 15.20 बजे तक |
| 7. | मतदान की अवधि | 15:20 बजे से | 17.20 बजे तक |
| 8. | मतपत्रो की गणना | 17.20 बजे से | समाप्ति तक |
| 9. | कार्यकारिणी समिति के चुनाव परिणाम की घोषणा | | |

नोटः– मतदान के पश्चात मतपत्रों की गणना एवं चुनाव परिणाम कम्प्यूटर द्वारा तैयार करने का कार्य समिति कक्ष में किया जायेगा। **सभी प्रत्याशी स्वयं अथवा उनका एक प्रतिनिधि (दोनो में से केवल एक)** मतगणना के समय समिति कक्ष में उपस्थित रह सकता है।

अध्यक्ष ने सभी सदस्यों से निर्वाचन समयसारिणी के अनुसार नाम निर्देशन प्रपत्र प्राप्त कर भरते हुये उपलब्ध कराने हेतु कहा।

तद्नुक्रम में सचिव नगर निगम द्वारा सदस्यों को नाम निर्देशन प्रपत्र प्राप्त कराये गये।

अध्यक्ष ने अपरान्ह 12:35 बजे सदस्यों को अवगत कराया कि कुल 09 नाम निर्देशन प्रपत्र प्राप्त कराये गये है, जिसका विवरण निम्नवत् है :–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्री अशोक पाल | वार्ड–36 |
| 2. | श्री यशपाल सिंह | वार्ड–78 |
| 3. | श्री कैलाश चन्द्र पाण्डेय | वार्ड–58 |
| 4. | श्री अमित कुमार मेहरोत्रा | वार्ड–76 |
| 5. | श्री घनश्याम गुप्ता | वार्ड–33 |
| 6. | श्री राजीव सेतिया | वार्ड–74 |
| 7. | श्री सुनील कनौजिया | वार्ड–14 |
| 8. | श्री अरविन्द यादव | वार्ड–69 |
| 9. | श्री शिवम् दीक्षित | वार्ड–106 |

उपरोक्त सदस्यों में से जिन सदस्यों को अपना नाम वापस लेना हो वह अपना नाम अपरान्ह 13:25 बजे तक वापस ले सकते है।

अध्यक्ष ने अपरान्ह 13:25 बजे सदस्यों को अवगत कराया कि कुल 09 नाम निर्देशन प्रपत्र प्राप्त कराये गये, जिसमें श्री शिवम् दीक्षित वार्ड–106 का परीक्षण में नामांकन निरस्त किया गया तथा दो पार्षद ने क्रमशः श्री सुनील कनौजिया वार्ड–14 तथा श्री अरविन्द यादव वार्ड–69 ने अपना नाम निर्वाचन से वापस ले लिया। अतः अवशेष 06 सदस्य निर्विरोध निम्नवत् निर्वाचित घोषित किये जाते है, जो कार्यकारिणी समिति के अंग होंगे :–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्री अमित कुमार मेहरोत्रा | वार्ड–76 |
| 2. | श्री अशोक पाल | वार्ड–36 |
| 3. | श्री कैलाश चन्द्र पाण्डेय | वार्ड–58 |
| 4. | श्री घनश्याम गुप्ता | वार्ड–33 |
| 5. | श्री यशपाल सिंह | वार्ड–78 |
| 6. | श्री राजीव सेतिया | वार्ड–74 |

इसी के साथ आज दिनांक–28.02.2021 को सम्पन्न हुई सदन की बैठक की कार्यवाही की पुष्टि हेतु भी अपना–अपना अभिमत व्यक्त करने का कष्ट करें।

**.................... सभी सदस्यों द्वारा आज दिनांक 28.02.2021 को सम्पन्न हुई सदन की बैठक की कार्यवाही की पुष्टि की गई।**

अन्त में राष्ट्रगान के पश्चात् बैठक की कार्यवाही का समापन हुआ।

( प्रमिला पाण्डेय )
महापौर / अध्यक्ष